नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## वर्धा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

## प्रेरणा, प्रोत्साहण से आगे बढ़ेगी हिंदी – डॉ. सुनीता यादव

वर्धा, 10 सितंबर 2018: अपनी भाषा में काम करने वाले राष्ट्र अग्र श्रेणी में है। हम भी हिंदी में काम कर राष्ट्र को इस श्रेणी में ला सकते हैं। प्रेरणा और प्रोत्साहण से हिंदी को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उक्त विचार राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, पश्चिम की उपनिदेशक डॉ. सुनीता यादव ने महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में व्यक्त किये। विश्वविद्यालय के भाषा विद्यापीठ के



सभागार में कार्यकारी कुलपति प्रो. मनोज कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन शुक्रवार 7 सितंबर को किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के.के. सिंह, हिंदी अधिकारी राजेश यादव उपस्थित थे।

डॉ. सुनीता यादव ने भारत सरकार की राजभाषा से संबंधित नीति-नियमों का जिक्र करते हुए उपस्थितों को अधिक से अधिक मात्रा में हिंदी में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कम्प्यूटर पर हिंदी में काम करने के लिए बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने की जानकारी दी। बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से हिंदी में पत्रिका प्रकाशित करने, समिति के सदस्यों को कम्प्यूटर में हिंदी के प्रयोग के लिए दक्ष करना, उन्हें प्रशिक्षण देना आदि विषयों पर भी चर्चा की गयी। बैठक का संचालन हिंदी अधिकारी राजेश यादव ने किया। बैठक में केंद्रीय विद्यालय वर्धा के प्राचार्य मंगल स्वरूप, पुलगांव के प्राचार्य संजय कुमार डोंगरे, भारतीय जीवन बीमा निगम के संजय दादुरवाडे, दि न्यू इंडिया एश्योरन्स के आर. सुन्देरेरान, अनिल धाबर्डे, श्याम सुले, बैंक ऑफ महाराष्ट्र की श्रुति उईके, पंजाब नेशनल बैंक के पंकज देविकर, भारत संचार निगम लिमिटेड के आर. पी.

साठोणे, अतिन्दर कौर, एमगिरी के उपनिदेशक यादव, विकास चौधरी, बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय वर्धा के



फतेह सिंह मीना, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संजय रामटेके, डाक कार्यालय के ओम प्रकाश त्रिपाठी, पावर कार्पोरेशन देवली के अनिल बाबू नाईक एवं राकेश कुमार पटेल, आंध्रा बैंक के ओजेंद्र मुने, विवि के जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, अनुवादक आरती तेलगोटे, राजदीप राठौर की उपस्थिति रही।